कोटद्वार, रविवार
29 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 63 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### नाबालिग ने खुद रची अपने अपहरण की कहानी

विकासनगर। दो दिन पहले एक नाबालिग बालक के कार सवारों की ओर से अपरहण करने की सूचना पुलिस जांच में झूठी निकली। हॉस्टल नहीं जाने के लिए नाबालिग ने खुद ही अपने अपहरण की झूठी कहानी रच दी। जांच के बाद नाबालिग के परिजनों ने बाजार चौकी में जाकर इस गलती के लिए लिखित रूप में क्षमा याचना की। स्पष्ट किया गया कि उनके पुत्र का कोई अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि उसने स्वयं झूठी सूचना दी थी। दरअसल, दो दिन पहले 26 जून को सुरेश सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी पुल नंबर एक ने चौकी बाजार में एक प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उनका 13 वर्षीय पुत्र बिना बताए घर से चला गया है। साथ ही वह अपनी माता का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गया है। कुछ घंटों के बाद परिजनों ने सूचना दी गई कि उनका पुत्र मिल गया है। वह सकुशल घर लौट आया है। नाबालिग ने अपने परिजनों को बताया कि चार अज्ञात व्यक्तियों ने एक काली गाड़ी में उसका अपहरण कर लिया था। वह किसी तरह से उनसे बचकर वापस पहुंचा है। उसने परिजनों को यह भी बताया कि अपहरणकर्ताओं ने उसके बाल काटे और नए कपड़े दिलाए। अपहरण की सूचना पर पुलिस में भी हड़कंप में मच गया। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि अपहरण की सूचना के बाद पुलिस अपहरणकर्ताओं की तलाश में जुट गई।

### प्रतिबंधित कछुए का मांस बरामद, आरोपी फरार

रुद्रपुर। किशनपुर वन विभाग की टीम ने शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर प्रतिबंधित कछुए का मांस बरामद किया है। आरोपी विभाग की टीम को देखकर फरार हो गया। किशनपुर रेंजर घनश्याम चनियाल ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि चन्दन सिंह तत्राडी पुत्र जसपाल सिंह तत्राडी निवासी ग्राम गोविन्दनगर, पाड़ागांव शक्तिफार्म के पोल्ट्री फार्म में एक संदिग्ध व्यक्ति कछुए का मांस काटकर बेच रहा है। विभाग की टीम ने पोल्ट्री फार्म में छापेमारी की। वहां राहुल सरदार पुत्र अमल सरदार निवासी ग्राम गोविन्द नगर धारदार हथियार से कुछ काटते दिखा। टीम को देखकर वह भाग गया। मौके प्लास्टिक के तसले में कुछए के मांस के टुकड़े, मांस काटने का धारदार हथियार और बाइक मिली। रेंजर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक को सीज कर दिया है। कछुए के मांस के टुकड़ों को डीएनए परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### पूर्व विधायक सुरेश राठौर को पार्टी ने निष्कासित किया

हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पूर्व विधायक सुरेश राठौर को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 06 साल के लिए निष्कासित कर दिया। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने पत्र जारी कर पूर्व विधायक के निष्कासन की पुष्टि की। शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देशों पर प्रदेश मंत्री ने पूर्व विधायक राठौर को निष्कासित कर दिया। बीती 23 जनू को पार्टी ने अभिनेत्री उर्मिला सरोवर मामले में पूर्व विधायक को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन पूर्व विधायक के स्पष्टीकरण से पार्टी नेतृत्व संतुष्ट नही हुआ। पार्टी नेतृत्व के अनुसार पूर्व विधायक ने लगातार पार्टी की मर्यादा और सामाजिक आचरण का उल्लंघन किया। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से पूर्व विधायक को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 06 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

### रुड़की में नकली नोट छापने वाला गिरोह पकड़ा, तीन गिरफ्तार

रुड़की। सीआईयू और कोतवाली रुड़की पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में रुड़की में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे छह लाख रुपये के 500–500 रुपये के नकली नोट और नकली नोट तैयार करने की मशीन सहित अन्य सामान बरामद किया है। तीनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। शनिवार को सिविल लाइन कोतवाली में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने प्रेसवार्ता के दौरान मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रुड़की बाजार में नकली नोट चलाने जा रहे एक संदिग्ध को लक्ष्मी बिहार कॉलोनी को जाने वाले रास्ते से पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से 500–500 रुपये के नकली नोटों की 12 गड्डियां बरामद की गईं। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथियों के बारे में जानकारी दी। इस पर पुलिस ने पास ही स्थित एक किराये के कमरे पर छापा मारा। जहां पुलिस टीम ने दो और लोगों गिरफ्तार किया। इसी कमरे से 500–500 के नकली नोटों की 10 और गड्डियां, 04 मोबाइल फोन, 02 काले रंग के शीशे बड़े, 02 काले रंग के शीशे छोटे, 02 बोतल केमिकल और एक प्रिंटर बरामद किए गए। प्रकरण में शामिल पांच अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश रही है। इनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी इन सभी नकली नोटों को बाजार में चलाना चाहते थे। गिरफ्तार आरोपियों की हुई पहचान पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बालेश्वर उर्फ बाली पुत्र रघुवीर सिंह निवासी भोटावाली पांवटा साहिब जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश हाल निवासी ग्राम हरीपुर हरबर्टपुर विकासनगर देहरादून, मनीष कुमार निवासी कुडीनेत वाला रायसी कोतवाली लक्सर हरिद्वार, हिमांशु पुत्र पलटूराम निवासी वर्ल्ड बैंक कॉलोनी रुड़की हरिद्वार के रूप में हुई। पुलिस टीम में ये रहे शामिल पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ध्वजवीर, उपनिरीक्ष प्रभारी सीआईयू अंकुर शर्मा, हेड कांस्टेबल आनन्द मेहरा, अश्वनी यादव, अषाढ सिंह, चमन, कांस्टेबल सुरेश तोमर, मनमोहन भंडारी, मनोज सिंह, माहीपाल, शूरवीर, राहुल नेगी, संदीप, अजय काला शामिल रहे।

## भ्रष्टाचार के आरोपी जेल अधिकारियों पर गिरी गाज, 20 से ज्यादा सस्पेंड

चंडीगढ़ ,पंजाब की मान सरकार ने शनिवार को भ्रष्टाचार के मामले में 25 जेल अधिकारियों को सस्पेंड किया है। इसमें 3 डिप्टी सुपरिडेंट, 2 असिस्टेंट सुपरिडेंट और शेष जेल कर्मचारी शामिल हैं। पंजाब सरकार के प्रवक्ता के अनुसार जेल में ड्रग्स नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इससे पहले सरकार को जेल में भ्रष्टाचार की जानकारी मिली थी, तब जाकर यह कार्रवाई की गई है। सरकार के प्रवक्ता ने इस कार्रवाई के बारे में पूरी जानकारी दी।

सरकार की ओर से यह कार्रवाई जेल की कार्यशैली में सुधार लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई है। सोच यही है कि अधिकारी अपने पद को गंभीरता से लें, लापरवाही न करें। उम्मीद जताई जा रही है कि इस कार्रवाई से जेल अधिकारी अपने काम को निष्ठापूर्वक करेंगे। बता दें कि नशे को लेकर पंजाब सरकार का रवैया शुरू से ही सख्त रहा है। नशे पर अंकुश लगाने के लिए अब तक प्रदेश सरकार की तरफ



से कई कदम उठाए जा चुके हैं। इससे पहले, 26 जून को पंजाब सरकार ने डेटा इंटेलिजेंस और तकनीकी सहायता इकाई स्थापित करने के लिए अनन्या बिड़ला फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत ने कहा था कि यह कदम राज्य भर में नशे पर अंकुश लगाने के मकसद से उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई थी कि इससे नशे के पूरे तंत्र पर बड़ा प्रहार लगेगा और जो युवा मौजूदा समय में नशे के चंगुल में फंसे हुए हैं, उन्हें भी छुटकारा मिलेगा।

### जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर, रात 9 बजे के बाद बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

उत्तरकाशी : जिले में मानसून की दस्तक देते ही जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने भारी वर्षा के कारण भूस्खलन-पत्थर गिरने से मार्ग अवरुद्ध होने सहित दुर्घटना घटित होने की आशंका को देखते हुए रात 09 बजे से प्रातः 05 बजे तक एम्बुलेंस, आपातकालीन सेवा सैन्य बलों के वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का आवागमन बंद रखने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को जिला आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से पुलिस अधीक्षक उत्तरकशी को प्रेषित पत्र में बताया गया है कि जिले में मानसून अवधि सक्रिय होने एवं भौगोलिक परिस्थितियों एवं भारी वर्षा के कारण भूस्खलन-पत्थर गिरने से मार्ग अवरुद्ध होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही मार्ग पर दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है। यात्रियों एवं स्थानीय लोगों के सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए मुख्य मोटर मार्गों पर स्थित पुलिस बैरियर से रात्रि 09 बजे से प्रातः 05 बजे तक एम्बुलेंस, आपातकालीन सेवा वाहन, सैन्य /अर्द्धसैन्य बलों के वाहनों को छोड़कर अन्य समस्त वाहनों का परिवहन / आवागमन प्रतिबन्धित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। (एजेंसी)

## हिमालच प्रदेश से केदारनाथ यात्रा के गौरीकुंड पहुंची शराब, ट्रक से 24 पेटी अवैध शराब बरामद

### – भूसे के अन्दर छिपाकर लाई जा रही थी अवैध शराब

रुद्रप्रयाग। हिमाचल से भूसा लेकर केदारनाथ यात्रा मार्ग के गौरीकुंड पहुंचे ट्रक से पुलिस ने 24 पेटी अवैध शराब बरामद की। चौकी प्रभारी गौरीकुंड सूरज कंडारी की सक्रियता से दो नेपालियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले के बाद से सवाल भी उठने शुरू हो गए हैं कि हिमाचल प्रदेश से उत्तर-ाखण्ड के कई बैरियर को पार कर ट्रक कैसे केदारनाथ यात्रा पड़ाव के गौरीकुंड पहुंचा।

केदारनाथ धाम यात्रा के नाम पर कुछ लोग ऐसे हैं, जो अपनी शर्म भी बेच खाए हैं और कुकृत्यों में लगे पड़े हैं। ऐसा ही एक मामला रुद्रप्रयाग पुलिस के सामने आया है जब एक ट्रक वाहन संख्या एचपी 34 ई 4859 गौरीकुण्ड पहुंचा और इसमें खाने–पीने की सामग्री तो नहीं पर दारू (शराब) जरूर मिली।



पुलिस ने आवश्यक छानबीन की तो पाया कि दो नेपाली प्रमोद गंधर्वा, पुत्र रुपलाल गाई, निवासी न्यू रोड 11 भेरी, जिला बाँके, नेपाल, हाल पता पतली कुल मनाली हिमाचल प्रदेश और चेतन पुत्र खुम बहादुर, निवासी ग्राम कोहलपुर, थाना– बाँके, वार्ड नं. 02, जिला बांके, हाल पता पतली कुल मनाली हिमाचल प्रदेश, इस ट्रक को लेकर आए हैं और इसमें भूसे के अन्दर शराब छिपाकर रखी है। पुलिस चेकिंग में कुल 24 पेटी यानि 288 बोतल शराब बरामद हुई है। ये मोटा मुनाफा कमाना चाह रहे थे, पर अब धर लिए गए हैं। जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी है तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन ट्रक को सीज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि यात्राकाल में अब तक पुलिस स्तर से आबकारी अधिनियम के तहत कुल 21 मुकदमें दर्ज कर 1526 बोतल शराब की बरामदगी की गयी है और 26 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त हुए आठ वाहन सीज किये गये हैं। बरामद की गई शराब की अनुमानित मूल्य करीब 10 लाख रुपए है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी गौरीकुंड सूरज कंडारी, आरक्षी अर्जुन सिंह, आरक्षी विनोद गुंसाई, भवान, रविन्द्र सहित अन्य शामिल थे।

## सीएम धामी ने किया ओएनजीसी कम्युनिटी सेंटर, देहरादून में आयोजित ऑल इण्डिया ऑइल सैक्टर मीट कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ओएनजीसी कम्युनिटी सेंटर, देहरादून में आयोजित ऑल इण्डिया ऑइल सैक्टर मीट कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इकॉनमी, इकोलॉजी और टेक्नोलॉजी में समन्वय के साथ ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। राज्य में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया रहा है। प्रदेश में टिहरी, कोटेश्वर, पीपलकोटी, लखवाड़, विष्णुगाड़ जैसी जल विद्युत परियोजनाएं उत्तराखंड को ऊर्जा हब में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्य में जियो थर्मल के क्षेत्र में अनेकों संभावना है, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्राकृतिक संसाधन किसी भी राष्ट्र को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ईंधन, राष्ट्र के विकास के साथ ही हमारी दैनिक




आवश्यकताओ को भी पूरा करता है। देश में कच्चे तेल का कुल उत्पादन का 70 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस उत्पादन का 84 प्रतिशत योगदान देकर ओएनजीसी भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प हमारे सामने रखा है। देश 2047 में विकसित भारत बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए पेट्रोलियम भंडार की स्थापना की गई है। ग्रीन हाइड्रोजन के साथ सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऊर्जा के कई वैकल्पिक स्रोतों पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी प्रयासों ने भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में सक्षम बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेल एवं प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। वन नेशन, वन ग्रिड के अंतर्गत गैस पाइप लाईनों का विस्तार किया जा रहा है।

### विकास पथ के महत्वपूर्ण चरण का नरसिम्हा राव ने किया प्रभावी नेतृत्व, भारत आभारी : पीएम मोदी

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व पीएम पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उनके नेतृत्व और बुद्धिमता की प्रशंसा की। पीएम मोदी ने भारत के विकास में उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, विकास पथ के महत्वपूर्ण चरण के दौरान उनके प्रभावी नेतृत्व के लिए भारत उनका आभारी है। उनकी बुद्धि, ज्ञान और विद्वत्तापूर्ण स्वभाव की भी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अर्थव्यवस्था में नई दिशा दिखाने वाले उनके प्रयासों की सराहना करते हुए लिखा, लोकप्रिय राजनेता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्नझ् पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर कोटि–कोटि नमन। देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दिखाने के अभिनव प्रयासों के लिए आपको सदैव याद किया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व पीएम को सच्चा राष्ट्रभक्त बताते एक्स पर लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें सादर नमन। आधुनिक अर्थशास्त्र की गहरी समझ रखने वाले नरसिम्हा राव सच्चे अर्थों में राष्ट्रभक्त, विद्वान और युगद्रष्टा थे। उनकी नीतियां और विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व पीएम को आर्थिक सुधारों का शिल्पकार बताया। लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें कोटि–कोटि नमन।

## पहलगाम आतंकी हमले के प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगी संसदीय समिति

नई दिल्ली , एक संसदीय समिति पहलगाम आतंकी हमले के प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगी। घटना के बाद यह पहला आधिकारिक दौरा होगा, जिसका उद्देश्य जमीनी स्थिति का आकलन करना और प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करना है। वरिष्ठ भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में कोयला, खान और इस्पात विभाग–संबंधित संसदीय स्थायी समिति एक व्यापक अध्ययन यात्रा करेगी। ये समिति मुंबई, कुर्ग और श्रीनगर में भी रुकेगी। अपनी यात्रा के कश्मीर चरण के हिस्से के रूप में, समिति के सदस्य पहले जम्मू जाएंगे, जहां वे शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठकें करेंगे। जम्मू में अपने प्रवास के दौरान, प्रतिनिधिमंडल का श्रीनगर जाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार होने से पहले माता वैष्णो देवी मंदिर का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। श्रीनगर में, समिति क्षेत्रीय विकास, सुरक्षा चिंताओं और नागरिक जीवन और पर्यटन पर आतंकवाद के प्रभाव पर चर्चा करने के



लिए आगे की बैठकें आयोजित करेगी। श्रीनगर में अपनी बैठकों के बाद, समिति बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले के वास्तविक स्थल का दौरा करने के लिए पहलगाम की यात्रा करेगी। पहलगाम के लोकप्रिय पर्यटन शहर के पास बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है और जनता और राजनीतिक नेतृत्व दोनों की ओर से कड़ी प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। पीड़ितों से उनके नाम पूछे जाने के बाद उन्हें निशाना बनाया गया, जो हमले की क्रूर और सांप्रदायिक प्रकृति को दर्शाता है।

## सीएम ने की बारिश को लेकर सतर्क रहने की अपील

### रविवार को होने जा रही पीसीएस परीक्षा, परीक्षार्थियों से की समय पर पहुंचने की अपील

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के पहाड़ी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में अत्यधिक वर्षा की संभावना को देखते हुए, आम जनमानस से सतर्क रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर लोगों से अनुरोध करते हुए कहा है कि सभी लोग सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। मुख्यमंत्री धामी ने रविवार 29 जून को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार)-2025 में शामिल होने जा रहे



परीक्षार्थियों से भी मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुरक्षा और परीक्षा दोनों ही सरकार के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और स्थानीय प्रशासन को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को भी बारिश और अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने को कहा है। (एजेंसी)

### बड़ा रेल हादसा टला : पटरी से उतरी पैसेंजर ट्रेन; टूटा हुआ मिला ट्रैक

नई दिल्ली ,तमिलनाडु के रानीपेट जिले में एक बड़ा रेल हादसा उस वक्त टल गया जब अराकोणम–कटपडी मेमू पैसेंजर ट्रेन (66057) चिट्टेरी रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। यह हादसा ट्रेन के स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही मिनटों बाद हुआ। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई तेज आवाज**

प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती जांच के अनुसार, ट्रेन के पटरी से उतरने से पहले एक तेज आवाज सुनाई दी, जिसके तुरंत बाद लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को रोक दिया।

घटनास्थल से मिली तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि रेलवे ट्रैक का एक हिस्सा टूटा हुआ था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर मौजूद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की है कि इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## भारी बारिश से दरक रहे पहाड़, नदिया उफान पर, बद्रीनाथ हाईवे बंद



### बदरीनाथ हाइवे जगह–जगह रहा बाधित, फंसे यात्री

चमोली : चमोली जिले में शुक्रवार रात को बारिश के बाद बदरीनाथ हाईवे समेत कई सड़कों पर यातायात ठप हो गया था जिससे ग्रामीणों और तीर्थ यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जिले में बरसात के बाद भूस्खलन और पहाड़ से बोल्डर गिरने से बदरीनाथ हाईवे समेत जिले की 32 सड़कें अवरुद्ध हो गईं थीं। शनिवार को बदरीनाथ हाइवे सोनला, नन्दप्रयाग और भनेर पानी में अलग–अलग समय पर बाधित रहा, जिससे श्रद्धालुओं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोनला में 6 घंटे और नन्दप्रयाग में 7 घंटे तक ट्रैफिक बाधित रहा। बदरीनाथ हाइवे सोनला के निकट शुक्रवार रात्रि की भारी बारिश के कारण रात्रि को अवरुद्ध हुआ और शनिवार सुबह 9 बजे सोनला में हाइवे सुचारू हो सका। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, बदरीनाथ हाइवे नन्दप्रयाग पार्थाडीप पर शुक्रवार रात्रि को बारिश के बाद भूस्खलन से बाधित हुआ था और शनिवार सुबह 10 .30 बजे हाइवे सुचारू हुआ। बदरीनाथ हाइवे पर भनेर पानी में भी भूस्खलन और बोल्डर आने से सड़क पर यातायात ठप रहा। आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि शनिवार सुबह 11 :30 बजे भनेरपानी में सड़क सुचारू हो सकी। चमोली जिले में शुक्रवार को 185 .40 एमएम बारिश हुई।

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड के पहाड़ों पर प्रकृति का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा। आसमान से बरसती बूंदें और दरकते पहाड़ों ने बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया है।

सिरोबगढ़ के पास मलबा गिरने से रास्ते बंद हो गए, जिसने तीर्थ यात्रियों और स्थानीय लोगों का सफर मुश्किल में डाल दिया। बारिश का यह कहर बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब की पवित्र यात्रा को भी रोकने पर मजबूर कर रहा है।

शनिवार को भारी बारिश ने बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे को सिरोबगढ़ के पास पूरी तरह ठप कर दिया। पहाड़ों से गिरा मलबा सड़क पर आ गिरा, जिससे तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रशासन ने तुरंत जेसीबी मशीनें लगाकर मलबा हटाने का काम शुरू किया, ताकि जल्द से जल्द रास्ता खुल सके। लगातार हो रही बारिश ने इस काम को और चुनौतीपूर्ण बना दिया। पौड़ी गढ़वाल के सर्किल ऑफिसर (सीओ) अनुज कुमार ने बताया कि हाईवे के दोनों छोर पर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। हम रात-दिन एक कर हाईवे को खोलने में जुटे हैं। उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चमोली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी कि नंदप्रयाग और भानेरोपानी के पास भी बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग मलबे की चपेट में है। खासकर नंदप्रयाग का रास्ता केदारनाथ जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बेहद अहम है। प्रशासन इसे प्राथमिकता पर खोलने की कोशिश में जुटा है, ताकि तीर्थयात्रा फिर से शुरू हो सके। (एजेंसी)

## वन विभाग को मिलीं 38 महिला वन दरोगा

विकासनगर। वानिकी प्रशिक्षण केंद्र रामपुर मंडी में शनिवार को प्रशिक्षु महिला वन दरोगाओं का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र से यह महिला वन दरोगाओं का पहला बैच पास आउट हुआ है। प्रदेश के 11 वन प्रभागों की 38 नवनियुक्त महिला वन दरोगा वन विभाग में अपनी सेवाएं देंगी। प्रशिक्षण के दौरान 86.9 प्रतिशत अंक हासिल करने पर चकराता वन प्रभाग की चांदनी नेगी को स्वर्ण पदक दिया गया। 86.4 प्रतिशत अंक हासिल करने पर पिथौरागढ़ वन प्रभाग की सौम्या बनकोटी को रजत पदक और 85.5 प्रतिशत अंक हासिल करने पर चंपावत प्रभाग की मनु नयाल को कांस्य पदक प्रदान किया गया।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहीं प्रमुख वन संरक्षक नीना



ग्रेवाल ने कहा कि वानिकी प्रशिक्षण केंद्र रामपुर से पास आउट महिला वन दरोगाओं का पहला बैच अलग–अलग वन प्रभागों में अपनी कार्यशैली से नए आमाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि वन की सुरक्षा में महिला वन कर्मियों की भागीदारी अधिक महत्वपूर्ण होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में अक्सर महिलाएं घरेलू उपयोग के लिए जंगलों का अनियंत्रित दोहन करती हैं। ऐसी महिलाओं को जंगलों के संरक्षण और उनके नियंत्रित दोहन की जानकारी महिला वन कर्मी प्रभावी तौर पर दे सकती हैं।

### कोलकाता गैंगरेप पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की हुई पुष्टि

कोलकाता ,। कोलकाता के साउथ कोलकत्ता लॉ कॉलेज में गैंगरेप की घटना सामने आई है। कॉलेज में पढ़ने वाली 24 साल की स्टूडेंट ने तीन लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज का पूर्व छात्र है, उनसे दो मौजूदा छात्रों के साथ मिलकर 25 जून को इस घटना को अंजाम दिया था। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेडिकल जांच में छात्रा के गैंगरेप के आरोप की पुष्टि हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट ने शिकायत दर्ज कराई कि 25 जून को कॉलेज के एक पूर्व छात्र और दो मौजूदा सीनियर स्टूडेंट्स ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। गुरुवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उसी दिन पीड़िता की मेडिकल जांच भी कराई गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट में जबरन शारीरिक संबंध बनाने, शरीर पर काटने के निशान और नाखूनों से खरोंचने के सबूत मिले हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी जो कॉलेज का पूर्व छात्र और एक प्रैक्टिसिंग क्रिमिनल लॉयर है उसने रेप किया, जबकि अन्य दो कमरे के बाहर पहरा दे रहे थे।

## आदि कैलास मार्ग बंद होने से श्रद्धालु सहित तीन सौ से अधिक लोग फंसें

पिथौरागढ़। आदि कैलास क्षेत्र को जोड़ने वाला तवाघाट–लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन से बंद हो गया। क्षेत्र में बीती रात हुई बारिश के बाद इस मार्ग में तीन स्थानों में पहाड़ी दरकने से भारी मात्रा में बोल्डर और मलबा सड़क पर आ गिरा। इससे भगवान भोलेनाथ के दर्शन को जा रहे व वापस लौट रहे श्रद्धालुओं सहित तीन सौ से अधिक लोग फंस गए। भूखे–प्यासे लोग सड़क खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इधर प्रशासन सड़क खोलने में जुटा है। तवाघाट–लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग दारमा, व्यास, चोदास वैली के 37 सहित 45 से अधिक गांवों को जोड़ता है। शुक्रवार रात इस मार्ग में कुलागाड़, स्याकुरी जीरो पॉइंट व तवाघाट



चोतुल धार के पास भूस्खलन हो गया। इससे मार्ग में पूर्णतया आवाजाही बंद है। शनिवार दोपहर बारह बजे तक भी इस मार्ग में आवाजाही सुचारू नहीं हो सकी। व्यास टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष व टूर ऑपरेटर परवेश नबियाल ने बताया कि मार्ग बंद होने से कई आदि कैलास यात्री फंसे हुए हैं। भारी मात्रा में बोल्डर व मलबा गिरने से सड़क खुलने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं।

# बांग्लादेश की राजनीतिक अस्थिरता बाहरी जिम्मेदार नहीं

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस का कहना है कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती थी मगर हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है। ब्रिटेन की चार दिवसीय यात्रा के दौरान लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक के साथ बातचीत के दौरान यूनुस ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लोकतांत्रिक रोडमैप सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की।

उन्होंने कहा, भारत हमारा पड़ोसी है, हम नहीं चाहते कि उनके साथ कोई बुनियादी समस्या हो। मगर भारतीय प्रेस में आने वाली खबरों को फर्जी ठहराते हुए कहा कि हर बार चीजें गलत हो जाती हैं और लोग कहते हैं कि इसका संबंध शीर्ष स्तर के नीति निर्माताओं से है। यही बात बांग्लादेश को बहुत बेचैन और क्रोधित करती है। उनका कहना है, इस क्रोध को काबू करने की कोशिश करते हैं मगर साइबर स्पेस में बहुत सारी चीजें होती रहती हैं। शेख हसीना के निष्कासन के बाद भारत–बांग्लादेश के संबंधों में तनाव आ गया। यूनुस की मांग पर कि हसीना लोगों से वैसी बातें न करें, जैसी वह ऑनलाइन अकसर करती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर हसीना की गतिविधियों को नियंत्रित न कर सकने की बात की, जिसे उन्होंने विस्फोटक स्थिति बताया। इसी दरम्यान भारत सरकार ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक निवास पर की गई तोड़–फोड़ की कड़ी निंदा की। यूसुफ ने बीते साल बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख का पदभार संभाला था। जनता के दबाव के बाद उन्होंने 2026 में राष्ट्रीय चुनाव की घोषणा की। बेशक वे अपने मुल्क में मचे राजनीतिक घमासान और कानून–व्यवस्था से अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान भटकाना चाहते हैं। बांग्लादेश की राजनीतिक अस्थिरता के लिए कोई बाहरी जिम्मेदार नहीं हो सकता। भारत अपने पड़ोसियों से सकारात्मक व रचनात्मक संबंध रखने पर बारीक नजर रखता है। रही बात हसीना को राजनीतिक शरण देने की तो मामला अब अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के समक्ष है। मामले की गंभीरता को समझते हुए दोनों मुल्कों को आपसी असहमतियों को दूर करने के प्रयास करने चाहिए। हालांकि जब तक वहां चुनी हुई सरकार नहीं आती, तब तक कोई भी निर्णय अंतिम नहीं माना जा सकता।

## छाया पकड़ने की कोशिश

दुनिया में इतने ज्यादा मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारे और तरह–तरह के प्रार्थनाघर हैं, लोगों की लंबी–लंबी कतारें उनमें लगी हुई हैं, करोड़ों का कारोबार चलता है, फिर भी दुनिया परमात्मा की उपस्थिति से रिक्त मालूम होती है। एक आध्यात्मिक सूनापन लगता है, कोई सुकून नहीं दिखाई देता। इतनी हिंसा, इतने उपद्रव क्या भगवत्ता का प्रमाण देते हैं? ओशो का निदान है कि असली परमात्मा से हमारा कोई संबंध नहीं है, हमने उसकी अनगिनत छाया बना ली हैं। तरह–तरह की मूर्तियां बनाकर हम अपनी सांत्वना कर लेते हैं कि यही परमात्मा है। लेकिन ये छाया हैं, इनका मूल जो है, वह तो चेतना है, उसे पकड़ा नहीं जा सकता। हमने प्रार्थना को पहले रख लिया है और परमात्मा को पीछे। प्रार्थना यानी मांग। हमने छाया को पहले रख लिया है और मूल को पीछे। छाया को पकड़ने चले हैं और मूल पकड़ में आता नहीं।

एक कहानी है। सुबह की धूप में घर के आंगन में एक बच्चा खेल रहा था और अपनी छाया को पकड़ने की कोशिश में जुटा था। वह अपनी छाया पर झपट्टा मारता, मगर छाया पकड़ में नहीं आती, तो रोता–चिल्लाता और फिर से झपट्टा मारता। उसकी मां उसे समझाए जा रही थी कि बेटा, छाया पकड़ में नहीं आती! मगर वह मानता ही नहीं था। छाया सामने दिखाई पड़ रही, तो पकड़ में क्यों नहीं आएगी? यह तो रही हाथ भर की दूरी पर। तो वह फिर उसकी ओर सरकता, फिर पकड़ने की कोशिश करता, लेकिन वह जैसे ही साया की ओर सरकता, छाया भी आगे सरक जाती। द्वार पर एक फकीर आया। वह बच्चे की चेष्टा देखकर हंसने लगा। उसने उसकी मां से कहा, क्या मैं अंदर आ सकता हूं? मैं समझा सकता हूं इस बच्चे को। मां थक गई थी। उसने कहा, जरूर आइए, सुबह से मुझे परेशान किए हुए है, काम भी नहीं करने देता। छाया पकड़ना चाहता है! छाया भी कहीं पकड़ी जाती है? फकीर ने कहा, पकड़ने का ढंग होता है। उसने बच्चे का हाथ लिया और उसके ही सिर पर रख दिया।

# भारतीय कामगारों का सशक्तिकरण

**वी. अनंत नागेश्वरन**

आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई–गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब ऑल–इन–वन (एकल सुविधा) प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें। आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोज़गार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोज़गार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा–समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे ज़रूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है।

राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक वन–स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोज़गार के अवसरों से जोड़ता है। इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फ़ोन के ज़रिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के ज़रिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के ज़रिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फ़ोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है।एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोज़गार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई–श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजीलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है। इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। ये पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे।रोजगार का दूसरा पहलू सामाजिक सुरक्षा है। भारत में एक बड़ा अनौपचारिक, असंगठित क्षेत्र है जो रोजगार प्रदान करता है। ऐसे रोजगार में नियोक्ता द्वारा कोई लिखित अनुबंध और सामाजिक सुरक्षा नहीं होती। इन कामगारों के लिए, बीमारी, चोट, दुर्घटना, नौकरी छूटना या अन्य आपात स्थिति जैसी कोई भी घटना तुरंत विपत्ति में बदल सकती है। अब सरकार के सामाजिक सुरक्षा के उपाय अस्थायी संकट को आजीवन कठिनाई में बदलने से रोकते हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों से इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और सबको सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। हाल तक लाखों असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों तक जागरूकता और पहुंच सीमित थी। पर ई–श्रम पोर्टल ने इस चुनौती का समाधान किया है। असंगठित श्रमिकों को अब सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट पहचान मिला है। वर्ष 2021 में आरंभ किए गए इस पोर्टल पर 30 करोड़ 70 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। यह पोर्टल लगभग 13 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत कर श्रमिकों के लिए एकल समाधान के रूप में कार्य करता है, जिससे लाभों को लक्षित रुप से पहुंचाना, उन तक बेहतर पहुंच और योजना संतृप्ति (योजना लाभ) संभव हो पाता है। केंद्रीय बजट 2025–26 में गिग श्रमिकों (अल्पकालिक, अनुबंध–आधारित नौकरी करने वाले) का ई–श्रम से पंजीकरण कर विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया गया है और उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के दायरे में लाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ श्रमिकों का विवरण साझा करके, पोर्टल राज्य स्तर पर श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों की बेहतर योजना और कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है। इसके अलावा, पोर्टल को राष्ट्रीय करियर सेवा, स्किल इंडिया डिजिटल हब, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम–एसवाईएम), सरकारी योजनाएं खोजने के लिए वन स्टॉप समाधान प्रदान करने वाला राष्ट्रीय प्लेटफ़ॉर्म माईस्कीम, दिशा योजना आदि के साथ एकीकृत किया गया है। यह श्रमिकों को ई–श्रम पर एक बार पंजीकरण कराने से ही केंद्र और राज्य सरकारों के कई योजना पोर्टलों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करता है। इससे योजना की पात्रता, योजना के लाभों, नौकरी के अवसरों का पता लगाने, कौशल प्रशिक्षण, पेंशन और बीमा जैसे लाभ की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है। इसकी पहुंच और भी व्यापक बनाने के लिए हाल ही में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भाषिणी परियोजना की 22 भाषाओं वाली एक बहुभाषी सुविधा को ई–श्रम में जोड़ा गया है। परिचालन को सरल बनाने के लिए राज्य माइक्रोसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च किए गए हैं।इन प्रयासों से उल्लेखनीय सफलता और घरेलू स्तर पर सराहना के साथ ही वैश्विक स्तर पर भी मान्यता मिली है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के नवीनतम डेटाबेस अद्यतन के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ की विश्व सामाजिक सुरक्षा 2026 की रिपोर्ट के अनुसार लाभार्थियों के मामले में भारत 94 करोड़ 13 लाख के साथ दूसरे स्थान पर है। यह बढोतरी देश में सामाजिक सुरक्षा दायरे की गणना में 32 केंद्रीय योजनाओं के साथ राज्य की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को शामिल करने के सरकार के प्रयासों का परिणाम है। विश्व सामाजिक सुरक्षा 2026 के लिए डेटा पूलिंग की चल रही कवायद के तहत सामाजिक सुरक्षा दायरे में इस विकास को शामिल करने वाला भारत पहला देश बन गया है।



इसी क्रम में, 34 करोड़ 60 लाख से अधिक सदस्यों वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ईपीएफओ के द्वितीय चरण में बदलाव के लिए कई डिजिटल सुधार लागू किए हैं। इनसे सदस्यों की पहुंच बढ़ी है और नियोक्ताओं का काम आसान हो गया है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर शुरू करने, एकीकृत केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने, ई–पासबुक, उमंग ऐप, योगदानकर्ताओं के अंशदान का ई–संग्रह और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के प्रावधान सहित प्रमुख पहल से सदस्यों की सुविधा बढ़ी है। ईपीएफओ के तहत केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली आरंभ होने से देश में कहीं से भी पेंशन प्राप्त करने से 77 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त, ऑटो–क्लेम सेटलमेंट सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपए करने से लगभग 7 करोड़ 50 लाख सदस्यों को सुगमता होगी और दावों का निपटान तेजी से हो सकेगा। ईपीएफओ ने फंड ट्रांसफर प्रक्रिया को भी सरल बनाया है, जिससे एक करोड़ 25 लाख से अधिक सदस्यों को लाभ हुआ है और लगभग 90 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक अंतरण सुगम हुआ है। इन सुधारों और ईपीएफओ के आधुनिकीकरण तथा डिजिटलीकरण दक्षता बढ़ाने और मैनुअल प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने से सदस्यों और नियोक्ताओं दोनों के लिए प्रणाली संचालन आसान हो जाएगा।

सरकारी के नीतिगत हस्तक्षेपों को उद्योग की सक्रिय भागीदारी का समर्थन आवश्यक है। उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका का एक प्रमुख उदाहरण ई–श्रम पहल है, जहां गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों (संस्थागत श्रमिकों) के लिए सामाजिक सुरक्षा का सफल कार्यान्वयन काफी हद तक प्लेट-फॉर्म एग्रीगेटर्स की भागीदारी पर निर्भर करता है। नियोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि एक सुरक्षित, संरक्षित और संतोषजनक कार्यस्थल बनाना, साथ ही श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना दीर्घकालिक उत्पादकता के लिए नितांत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए, वंचित और कमजोर समूहों को लक्षित और निरंतर समर्थन प्रदान करना भी महत्वपूर्ण है।

# डिजिटल क्रांति: छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी से ट्रांसफॉरमेशन

**हीरा देवांगन**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर रहा है। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और तकनीकी नवाचारों के बल पर छत्तीसगढ़ डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्रालय से लेकर ग्राम पंचायतों तक डिजिटल तकनीक ने शासकीय कामकाज को आसान एवं प्रभावी बनाया है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से बुजुर्ग पेंशनरों, महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को नगद आहरण की सुविधा दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं की डीबीटी की राशि का ग्राम पंचायतों में ही नगद भुगतान की सुविधा होने से ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक नहीं जाना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने मंत्रालयों और संचालनालयों में ई–ऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक संचालित करने के बाद अब जिलों में भी ई–ऑफिस का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यालयीन कामकाज में कागजी कार्यवाही को न्यूनतम करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। इससे कार्यालयीन कामकाज में तेजी आई है एवं प्रक्रिया और पारदर्शी हुई है। इस पहल से फाईलों के निपटारे में अनावश्यक लेटलतीफी दूर हुई है त्वरित निर्णय हो रहे हैं। 10 डिजिटल सेवाओं की शुरुआत से जमीन की रजिस्ट्री आसान और पारदर्शी हो रही है। आधार प्रमाणीकरण से अपाईमेंट लेकर घर बैठे जमीन एवं मकान की रजिस्ट्री कराई जा रही है। रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पूरी हो जाती है।

राजस्व प्रशासन को दुरूस्त करने छत्तीसगढ़ के 14 हजार 490 गांवों का जियो रिफ्रेंसिंग का महत्वाकांक्षी कार्य पूरा हो चुका है। इस तकनीक से भूमि संबंधी विवाद दूर होंगे। खरीफ वर्ष 2025–26 में डिजिटल फसल सर्वेक्षण हेतु 14 हजार से अधिक गांवों का चयन किया गया है।

ई–कोर्ट के माध्यम से राज्य में राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की रीयल–टाइम निगरानी की जा रही है। शासकीय खरीदी में पारदर्शिता के लिए जेम पोर्टल को अनिवार्य किया गया है, जिससे शासकीय खरीद प्रक्रिया में निष्पक्षता और जवाबदेही बढ़ी है।

प्रदेश के पेंशनरों के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाया गया है। पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए डिजीलॉकर के माध्यम से महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे ई–पीपीओ, जीपीएफ स्टेटमेंट, अंतिम भुगतान आदेश और पेंशन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से शासकीय कर्मचारियों की सेवा जानकारी को अद्यतन करने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ एआई के क्षेत्र में दुनिया से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। नवा रायपुर में देश का पहला एआई डेटा सेंटर पार्क स्थापित होने से प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। इससे आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस आधारित सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बनेगी।

छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग तक डिजिटल सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीजीएमएससीएल द्वारा ऐप के माध्यम से राज्य की दवा आपूर्ति श्रृंखला को रीयल–टाइम में ट्रैक किया जा रहा है। विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में समय पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर यह ऐप स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना रहा है।

खनिज विभाग द्वारा ऑनलाइन ट्रांजिट पास की सुविधा ने खनिजों के परिवहन को और अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया है।

पोर्टल की शुरुआत ने नागरिकों और सरकार के बीच संवाद को और मजबूत किया है। छत्तीसगढ़ सरकार की ये डिजिटल सेवाएं प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के साथ ही नागरिकों के जीवन को भी आसान बना रही हैं। इससे गांवों से लेकर शहरों तक हर वर्ग को डिजिटल क्रांति का लाभ मिल रहा है।

# वॉर 2 के नए पोस्टर रिलीज; एक्शन मोड में ऋतिक, जूनियर एनटीआर और कियारा, न्यू पोस्टर के साथ फिल्म का काउंटडाउन शुरू

वॉर 2 की रिलीज की उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है. साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त, 2025 को वैश्विक रिलीज के लिए तैयार है, जो भारत के स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड आ रही है. रिलीज से पहले, मेकर्स ने ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर का नया पोस्टर पेश किया है.



वॉर 2 के मेकर्स वाईआरएफ ने सोशल मीडिया पर फिल्म के मुख्य कलाकारों के पोस्टर जारी किए हैं, जिनमें ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी शामिल हैं. तीनों ने नए पोस्टर में शुरुआत से ही ध्यान आकर्षित करते हुए अपने फैंस को बताया है कि फिल्म की 50 दिन की उल्टी गिनती शुरू हो गई है. ऋतिक रोशन ने अपने इंस्टाग्राम पर वॉर 2 से अपना नया पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, इस बार वह क्रूर, निर्दयी, निष्ठुर और वॉर के लिए तैयार है. क्या आप तैयार हैं? अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है. वॉर 2 के लिए 50 दिन बाकी. 14 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज हो रही है. पोस्टर में ऋतिक के चेहरे का क्लोज–अप दिखाया गया है, जिसमें वे एक हथियार जैसी वस्तु पकड़े हुए कैमरे की ओर ध्यान से देखते हुए दिखाई दे रहे हैं.इसी तरह जूनियर एनटीआर ने सोशल मीडिया पर अपना पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, शर्त लगा लो कि तुमने ऐसा वॉर कभी नहीं देखा होगा.

# यश दयाल पर महिला ने लगाए यौन शोषण के आरोप

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज यश दयाल मुश्किलों में घिर गए हैं। उन पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर मानसिक और शारीरिक शोषण के आरोप लगाए हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजियाबाद की रहने वाली महिला ने मुख्यमंत्री ऑनलाइन शिकायत पोर्टल पर इस मामले को दर्ज कराया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में इंदिरापुरम के सर्किल ऑफिसर से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। पुलिस को मामले को सुलझाने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। महिला ने 14 जून 2025 को महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है।



**पांच साल से है संबंध**

महिला ने जो एफआईआर दर्ज कराई है उसमें बताया है कि वह यश दयाल के साथ पांच साल से रिलेशनशिप में थी और क्रिकेटर तब से उनका मानसिक और शारीरिक शोषण कर रहा है। बयान में ये भी कहा गया है कि तेज गेंदबाज ने इस दौरान उनसे पैसे भी लिए और वह ऐसा कई महिलाओं के साथ कर चुका है। महिला ने कहा कि उसके पास दोनों की चैट के अलावा स्क्रीनशॉट, वीडियो कॉल और फोटो के सबूत हैं।

महिला ने जो एफआईआर दर्ज कराई है उसमें बताया है कि वह यश दयाल के साथ पांच साल से रिलेशनशिप में थी और क्रिकेटर तब से उनका मानसिक और शारीरिक शोषण कर रहा है। बयान में ये भी कहा गया है कि तेज गेंदबाज ने इस दौरान उनसे पैसे भी लिए और वह ऐसा कई महिलाओं के साथ कर चुका है। महिला ने कहा कि उसके पास दोनों की चैट के अलावा स्क्रीनशॉट, वीडियो कॉल और फोटो के सबूत हैं।

# आदि साईकुमार की सुपरनैचुरल थ्रिलर शम्भाला



होनहार हीरो आदि साईकुमार ने निर्देशक उगंधर मुनि के साथ मिलकर बहुप्रतीक्षित सुपरनैचुरल थ्रिलर शम्भालाः ए मिस्टिकल वर्ल्ड बनाई है, जिसका निर्माण राजशेखर अन्नाभिमोजू और महिधर रेड्डी शाइनिंग पिक्चर्स के बैनर तले कर रहे हैं। जैसे–जैसे फिल्म रिलीज के लिए तैयार हो रही है, निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के प्रमुख कलाकारों के फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करके प्रचार शुरू कर दिया है। अब, उन्होंने फिल्म का टीज़र जारी करके अगला बड़ा कदम उठाया है।

टीज़र की शुरुआत एक शक्तिशाली वॉयसओवर से होती है, जिसमें एक रहस्यमयी टुकड़ा अंतरिक्ष से नीचे गिरता है और एक शांत गाँव में गिरता है। आवाज़ कहती है, इस ब्रह्मांड में अनगिनत अथाह रहस्य हैं। जब विज्ञान उन्हें समझा नहीं पाता, तो वह उन्हें अंधविश्वास कहता है। लेकिन जैसे ही उसे कोई स्पष्टीकरण मिल जाता है; वह उसे एक सफलता कहता है।

उस क्षण से, दुर्भाग्य की एक श्रृंखला शुरू होती है।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 में नजर आएंगे मेट्रो... इन दिनों के सितारे, प्रोमो जारी

कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो की तीसरे सीजन का शानदार आगाज हो गया है। इस शो के पहले एपिसोड में सलमान खान पहुंचे थे। शो के पहले एपिसोड की सफलता के बाद अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है। इस शो के दूसरे एपिसोड में फिल्म मेट्रो... इन दिनों की पूरी स्टार कास्ट नजर आएगी, जिनकी झलक प्रोमो में दिख रही है।द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 के दूसरे एपिसोड के मेहमान सारा अली खान, आदित्य रॉय कपू, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन, अनुपम खेर, अली फजल और फातिमा सना शेख होंगे। सभी सितारे कपिल के

# एक ओवर और इंग्लिश गेंदबाज के करियर पर लग गया दाग

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में पहला टी20 मैच खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम पहले गेंदबाजी कर रही है और उसकी एक गेंदबाज के दामन पर इस मैच में एक दाग भी लग गया है। ये गेंदबाज हैं सोफी एक्लस्टन। उनके एक ओवर में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने इतने रन कूटे जो पहले कभी नहीं बनाए गए थे।

इस मैच में भारत की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर नहीं खेल रही हैं। उनकी जगह स्मृति मंधाना टीम की कमान संभाल रही हैं। मंधाना और शेफाली ने पारी की शुरुआत की और इंग्लैंड की गेंदबाजों को जमकर निशाना बनाते हुए टीम को ठोस शुरुआत दी।



**सातवें ओवर में लग गया कलंक**

सोफी पारी का सातवां ओवर फेंकने आई थीं। इस ओवर में मंधाना और शेफाली ने मिलकर कुल 19 रन बटोरे। ये सोफी के टी20 करियर का सबसे महंगा ओवर साबित हुआ। इससे पहले उन्होंने टी20 मैच के एक ओवर में इतने रन कभी नहीं दिए थे। उन्होंने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा। इस ओवर से पहले सोफी ने एक ओवर में सबसे ज्यादा 18 रन दिए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए मैच में उनके एक ओवर में 18 रन आए थे। शेफाली और मंधाना ने इसे पार कर दिया।

ओवर की पहली गेंद पर मंधाना ने छक्का मारा। फिर अगली दो गेंदों पर एक–एक रन आए। चौथी गेंद पर मंधाना के बल्ले से छक्का निकला। पांचवीं गेंद पर एक रन आया। फिर आखिरी गेंद पर शेफाली ने चौका मार दिया।

**बना दिया रिकॉर्ड**

मंधाना और शेफाली ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दी दोनों ने पहले विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी की और इसी के साथ रिकॉर्ड बना दिया। ये शेफाली और मंधाना के बीच टी20 इंटरनेशनल में 21वीं अर्धशतकीय साझेदारी है।

## एक नजर

### बस दुर्घटना में लापता चल रहे एक और यात्री का शव बरामद

रुद्रप्रयाग : बीती 26 जून को बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर में हुई बस दुर्घटना में लापता चल रहे यात्रियों की खोजबीन का तीसरे दिन भी जारी रही। सर्च एवं रेस्क्यू टीम को श्रीनगर के कीर्तिनगर के पास डैम साइट में शव बरामद हुआ है। जबकि 7 लापता यात्रियों की खोजबीन का काम जारी है। शनिवार सुबह बस दुर्घटना में लापता चल रहे लोगों की खोजबीन के लिए सुबह से ही टीमें मुस्तैद रहीं। जिला पुलिस, फायर सर्विस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ व जल पुलिस की संयुक्त टीमों ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घोलतीर दुर्घटनास्थल से लेकर श्रीनगर तक के क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की गई। दूसरी ओर वॉचरों द्वारा भी लगातार खोजबीन की गई। रेस्क्यू टीम को श्रीनगर/कीर्तिनगर डैम क्षेत्र में अलकनन्दा नदी में एक शव बरामद हुआ। जिसे जनपद पौड़ी गढ़वाल पुलिस द्वारा नदी से निकलवाकर शिनाख्त की कार्यवाही कराई गई। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि श्रीनगर/कीर्तिनगर डैम क्षेत्र में मिले शव की पहचान 19 वर्षीय मौली सोनी, निवासी सिलिकॉन पैलेस बाम्बे मार्केट, पूना कुभंरिया रोड गुजरात के रूप में हुई है। शव का पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही कीर्तिनगर पुलिस/श्रीकोट अस्पताल स्तर से कराई जा रही है। एसपी ने बताया कि दुर्घटना में शेष 7 मिसिंग लोगों की तलाश के लिए सर्च एवं रेस्क्यू अभियान जारी है। (एजेंसी)

### हेमकुंड साहिब मार्ग पर किशोर खाई में गिरा

चमोली : हेमकुंड साहिब यात्रा पर एक किशोर अचानक पैर फिसलने से 200 मीटर खाई में गिर गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रैस्क्यू अभियान चलाया। किशोर को खाई से सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचाई गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने शनिवार को बताया कि अमृतसर से हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आए एक किशोर के पैर फिसलने से वह गहरी खाई में गिर गया था। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर उसको सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद किशोर को डिस्चार्ज कर दिया गया। (एजेंसी)

### मनरेगा कर्मचारियों के सम्मुख गहराने लगा रोजी रोटी का संकट

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर में कार्यरत मनरेगा कर्मियों को पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से कर्मियों के सम्मुख अब रोजी रोटी का संकट भी गहराने लगा है। पिछले जनवरी माह से विकासखंड कीर्तिनगर में कार्यरत 20 कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं हुआ है। मनरेगा कर्मचारी संगठन के ब्लाक अध्यक्ष विपिन भंडारी ने कहा कि छः महीनों से वेतन नहीं मिलने से मनरेगा कर्मियों के सम्मुख अब आर्थिक संकट गहराने लगा है। बच्चों की स्कूल फीस, राशन का भुगतान करना भी अब मुश्किल होता जा रहा है।

सचिव प्रकाश नेगी ने कहा कि मनरेगा कर्मियों को पिछले कई सालों से यात्रा भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है, जबकि मनरेगा कर्मियों के अधिकांश कार्यों के लिए फील्ड में जाना पड़ता है। उन्हें आवागमन का किराया और पैट्रोल का खर्च भी अपनी जेब से ही वहन करना पड़ रहा है। वेतन भुगतान नहीं होने से विकास कार्यों के संपादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मनरेगा कर्मचारियों ने वेतन भुगतान किए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

### लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित

विकासनगर। पछुवादून में लगातार हो रही बारिश से अब जनजीवन प्रभावित होने लगा है। शुक्रवार देर रात से शुरू हुई बारिश शनिवार सुबह तक जारी रही। दिन में बारिश नहीं हुई, लेकिन आसमान में काले बादल छाए रहे। हालांकि बारिश से तापमान में काफी गिरावट आ गई है। शनिवार को विकासनगर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश से जगह–जगह सड़कों पर हुए जलभराव परेशानी का सबब बनने लगा है। बद्रीपुर सबसे अधिक जलभराव हुआ है। शुक्रवार रात हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। दिन का तापमान भी गिर गया, जिससे लोगों को लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से निजात मिली है।शनिवार सुबह भी कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। दिन में भी आसमान में बादल छाए रहे हैं। मौसम विभाग ने गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। जिसकी वजह से आगामी दिनों में मौसम अच्छा रहेगा। लेकिन लगातार हो रही बारिश से जलभराव बड़ी समस्या बना गया है।

# बरसात में संभलकर करें सफर, चुनौती बन रहा राष्ट्रीय राजमार्ग



कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य वर्षाकाल में गायब हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग का वह हिस्सा जिससे लगातार पत्थर व मलबा गिर रहा है

### कोटद्वार दुगड्डा के मध्य जगह-जगह पहाड़ी से गिर रहे पत्थर

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नजबीबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य सफर इस वर्षा काल में चुनौती बन सकता है। दरअसल, हल्की वर्षा के दौरान ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी से बोल्डर गिरने लगे। यही नहीं, जिन स्थानों पर हाईवे के पुश्ते दरके हुए हैं, बारिश के दौरान उन पुश्तों से भी पत्थर नदी की ओर गिर रहे थे। ऐसे में यदि सड़क खोखली हुई तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बताना जरूरी है कि दो वर्ष पूर्व हुई अतिवृष्टि के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई टूट-फूट को अभी तक ठीक नहीं किया गया है।

वर्ष 2023 में हुई अतिवृष्टि के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर काफी नुकसान हुआ। एनएचएआई ने मार्ग को आवागमन लायक तो बना दिया। लेकिन, आज तक मार्ग की मरम्मत नहीं की। नतीजा, पुराने जख्म कब बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाएं, कहा नहीं जा सकता।

हालात यह है कि पंद्रह किलोमीटर के इस सफर में हर मोड़ पर खतरे हैं। सड़क में दस से अधिक स्थान डेंजर जोन की सूची में शामिल तो हैं। लेकिन, वहां सुरक्षा के कोई उपाय नहीं हैं। नतीजा, शनिवार सुबह को जैसे ही क्षेत्र में बारिश हुई, कोटद्वार से करीब चार किलोमीटर आगे पहाड़ी से मलबा व पत्थर गिरने का क्रम शुरू हो गया।

सिर्फ इसी स्थान पर नहीं, कई अन्य स्थानों पर भी चट्टानों से सड़क पर बोल्डर गिर रहे थे।

### तो कट जाएगी लाइफ लाइन

जिस तरह से राष्ट्रीय राजमार्ग हल्की वर्षा में ही चुनौती बन रहा है। ऐसे में वर्षाकाल के दौरान स्थिति और अधिक भयंकर हो सकती है। यदि हाईवे पूरी तरह ध्वस्त हो गया तो कोटद्वार से पहाड़ का संपर्क पूरी तरह कट जाएगा। हालांकि, कोटद्वार से पुलिंडा-रामडी होते हुए दुगड्डा को एक मार्ग और भी है। लेकिन, वर्षाकाल में यह मार्ग भी बदहाल हो जाता है। यदि समय रहते हाईवे की स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो व्यवस्थाएं बिगड़ सकती हैं।

### नहीं बनाई गई पुलिया

राष्ट्रीय राजमार्ग पर आमसौड़ से करीब एक किलोमीटर पीछे कोटद्वार की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर आवागमन के लिए पुलिया का निर्माण करवाया गया था। लेकिन, दो पुलिया में से एक पुलिया पिछले दो वर्षों से धराशायी पड़ी हुई है। नतीजा, उक्त स्थान पर स्थित एक पुलिया पर ही आवागमन का भार बढ़ गया है। लोगों की शिकायत के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने धराशायी पुलिया की मरम्मत की सुध नहीं ली। ऐसे में यदि दूसरी पुलिया भी धराशायी हो गई तो मैदान से पहाड़ का संपर्क कट जाएगा।

# डीएम ने नायब नाजिर को किया निलंबित, एसडीएम पौड़ी को सौंपी जांच

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जिले की तहसील लैंसडौन में कार्यरत नायब नाजिर संजय जोशी को ड्यूटी से बार-बार अनुपस्थित रहने और राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर डीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। नायाब नाजिर को तहसील पौड़ी से संबद्ध कर दिया है तथा मामले की जांच उपजिलाधिकारी पौड़ी को सौंपी गई है। डीएम ने कहा है कि राजकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी। उपजिलाधिकारी लैंसडौन ने इस मामले में जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी थी। जिसमे कहा गया है कि नायब नाजिर समय-समय पर बिना पूर्व सूचना के कार्य से अनुपस्थित रहते थे, जिससे उनके पटल से संबंधित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पूर्व में उन्हें वेतन वृद्धि पर रोक जैसे अनुशासनात्मक दंड भी दिये गये थे, परन्तु उनके कार्य व्यवहार में कोई सुधार नहीं देखा गया। अप्रैल व मई के दौरान उन्हें कई बार चेतावनी व स्पष्टीकरण जारी किये गये, किन्तु उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। डीएम स्वाति भदौरिया ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नायब नाजिर को निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही डीएम ने इस मामले की जांच उप जिलाधिकारी पौड़ी को सौपते हुए निलंबन नायब नाजिर को तहसील पौड़ी से संबद्ध भी कर दिया है।

### सांप ने महिला को डसा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत किशनपुरी निवासी एक महिला को सांप ने डंस दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजन उसे राजकीय बेस चिकित्सालय लाए, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। किशनपुरी निवासी मुन्नी देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी अनूप कुमार अपने खेत में कार्य कर रही थी, तभी सांप ने उसे डंस दिया, जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई, बेहोशी की हालत में स्वजन उसे राजकीय बेस चिकित्सालय लाएं, जहां पर चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# गांव की मूलभूत जरूरतों की सूची तैयार करें : सीडीओ

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सीडीओ ने एनआरएलएम, ग्रामोत्थान परियोजना एवं उत्तराखंड प्रवासियों द्वारा गोद लिए गए गांवों में हुए कार्यों की समीक्षा की। सीडीओ ने सभी खंड विकास अधिकारियों को अधूरे कामों को तत्काल से पूरा करने को कहा। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव की मूलभूत जरूरतों की सूची तैयार करें और उसे संबंधित प्रवासियों को उपलब्ध कराएं, ताकि समय पर कार्यों को किया जा सकेगा। सीडीओ गिरीश गुणवंत ने प्रवासियों द्वारा गोद लिये गये गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व पर्यटन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। यमकेश्वर के द्यूली गांव में प्रवासी रवि जुगराण द्वारा गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति दिये जाने की पहल शुरु की गई है। सीडीओ ने लखपति दीदी योजना में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने को कहा। जिले में 18,960 लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है, अब तक 17,087 महिलाओं का चयन हो चुका है। बीते तीन सालों में 12,771 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। सीडीओ ने कहा कि सभी चयनित महिलाओं की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाए और जिन महिलाओं के खाते नहीं खुले हैं, उनके खाते खुलवाए जाएं। ग्रामोत्थान परियोजना की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने कहा कि योजनाओं में लाभार्थियों का चयन अभी नहीं हुआ है, उन्हें 30 जून तक चयनित किया जाए। ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें मुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन जैसी योजनाओं की जानकारी दें ताकि वह इन योजनाओं से जुड़ सके।

### राष्ट्र के विकास के लिए नीतियां बनाने में आंकड़ों की भूमिका अहम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस की पूर्व संध्या पर नेशनल सैम्पल सर्वे के 75 साल विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर बीएससी के छात्र ग्रिप्स मीना ने प्रोफेसर पीसी महालनोबिस की जीवनी के बारे में बताया। वैज्ञानिक शोध में सांख्यिकी विषय के महत्व पर संगोष्ठी में वक्ताओं ने विस्तार से बोला। गोष्ठी का शुभारंभ प्रभारी परिसर निदेशक एवं विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान डॉ. सीबी कोटनाला ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए नीतियां बनाने में आंकड़ों का बहुत महत्व है। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम नेगी, डॉ. धारणा, डॉ. ज्योति राणा ने भी इस मौके पर विचार रखे। गोष्ठी में सांख्यिकी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल सिंह, डॉ. स्वाति सक्सेना, शोध छात्र आशुतोष, छात्र संघ अध्यक्ष अभिरुचि नौटियाल सहित परिसर के छात्र-छात्राएं आदि भी मौजूद रहे।

# गुमखाल-सतपुली के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर आया मलबा, घंटों लगा जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नजीबाबाद- बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुमखाल-सतपुली के मध्य कुलाड़ बैंड के समीप शनिवार सुबह भारी मलबा आ गया। इसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर घंटो जाम की स्थिति बनी रही। मौके पर तैनात जेसीबी व पोकलेंन मशीनों से मलबे को साफ कर यातायात सुचारु किया गया। मालूम हो कि वर्तमान में वर्तमान में नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर अव्यवस्थाएं बनी हुई है। बरसात के मौसम में हाईवे से आवागमन करने वालों के समक्ष कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। शनिवार सुबह करीब पांच बजे कुल्हाड़ बैंड पर अचानक पहाड़ी से मलबा गिर गया। ऐसे में सतपुली से गुमखाल की ओर से आ रहे पिकअप वाहन के ऊपर भी कुछ मलबा गिर गया। जिससे पिकअप वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मलबे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लगा हुआ था। मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था की जेसीबी व पोकलेंड मशीनों ने मलबे को हटाने का कार्य शुरु किया। सुबह करीब दस बजे मलबा पूरी तरह साफ होने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुचारु हो पाया। करीब छह घंटे बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का संचालन होने से यात्रियों ने राहत की सांस ली। वर्षाकाल में बढ़ रही मुश्किल गुमखाल-सतपुली के मध्य चौड़ीकरण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर अव्यवस्थाएं बनी हुई है। सड़क किनारे पड़े मिट्टे के टीले व मलबा वाहन चालकों की राह में चुनौती बन रहा है।



गुमखाल–सतपुली के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी से आया मलबा

# गला दबाकर पत्नी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कालागढ़ में दहेज के लिए पत्नी की हत्या कर फरार होने वाले एक आरोपी को पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद से आरोपी पति फरार चल रहा था।

15 मई को उत्तर प्रदेश आफजलगढ़ निवासी मंसूर खान की ओर से कालागढ़ थाने में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने अपनी पुत्री तेहजीबा उर्फ जारा का विवाह कालागढ़ नई कॉलोनी निवासी आमान खान से करवाया था। विवाह के कुछ सप्ताह बाद ही आमान खान दहेज के लिए उनकी पुत्री का उत्पीड़न करने लगा। कई बार उसने पुत्री के साथ मारपीट भी की। बताया कि 15 मई को उन्हें सूचना मिली कि आमान खान ने उनकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी है। बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो उनकी पुत्री का शव बेड पर पड़ा हुआ था और घर में कोई भी मौजूद नहीं था। बताया कि हत्या करने के बाद आमान खान व उसका परिवार फरार हो गया था। थानाध्यक्ष संजय ममगाईं ने बताया कि शनिवार को आरोपित आमान खान को कालागढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



कालागढ़ पुलिस की हिरासत में पत्नी की हत्या का आरोपी

### अंग्रेजी भाषा का लिया प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत जानकी नगर स्थित विद्या भारती से संबद्ध हेमनदास सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। जिसमें शिक्षकों को स्मार्ट पैनल बोर्ड व खेल-खेल में अंग्रेजी भाषा सिखाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने किया। सर्वप्रथम शिक्षकों को खेल-खेल में अंग्रेजी के शब्द बनाने सिखाए गए। तत्पश्चात स्मार्ट पैनल बोर्ड के माध्यम से शिक्षकों को अंग्रेजी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने कहा कि नवाचार के माध्यम से हम प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों को अंग्रेजी भाषा सिखा सकते है। इस मौके पर प्रयाग दत्त चमोली, अंचल कुमार अग्रवाल, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू चमोला, कीर्ति द्विवेदी, पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडे आदि मौजूद रहे।

# नीलकंठ कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नीलकंठ कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीएम ने यात्रा मार्ग पर एम्बुलेंस, आवश्यक दवाएं, चिकित्सकीय उपकरण व स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती समय पर करने को कहा। उन्होंने एसडीआरएफ, पीआरडी, होमगार्ड, सैटेलाइट फोन, लाउडस्पीकर, नेटवर्क और बैरिकेडिंग से जुड़े सभी कामों को लेकर पहले से योजना बनाने को कहा। डीएम ने मंदिर मार्गों में लगने वाले भंडारों की स्वच्छता सुनिश्चित करते हुए कहा कि यदि इनमें मानकों का पालन नहीं होता तो इन्हें निरस्त किया जाए।

डीएम स्वाति भदौरिया ने कहा कि यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं लिहाज इस दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए 5 जुलाई तक सभी कामों को पूरा कर लिया जाए। डीएम ने लोनिवि व जिला पंचायत को कांवड़ यात्रियों के लिए पैदल मार्गों की मरम्मत, वैकल्पिक रास्तों की पहचान और मुख्य सड़कों पर समय से पैचवर्क कराने के निर्देश दिए। डीएम ने यात्रा मार्गों पर सफाई अभियान चलाने, सभी शौचालयों की नियमित सफाई, पेयजल की उपलब्धता, पानी के टैंकर, अस्थायी नल कनेक्शन के साथ ही खराब हैंडपंपों को भी ठीक करने को कहा। यूपीसीएल को मेला क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या को ठीक करने के निर्देश दिए। डीएम ने रात्रिकालीन यात्रा को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत, उरेडा व वन विभाग को स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस को घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मियों, जल पुलिस की तैनाती और जिला पंचायत को कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर के कमलेश्वर वार्ड के पार्षद सूरज नेगी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया को ज्ञापन देते हुए चारधाम यात्रा में लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। ज्ञापन में नेगी ने कहा कि आये दिन चारधाम यात्रा पर देश विदेश के यात्रियों द्वारा लगातार यातायात के नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। कहा कि बाहरी प्रांत के यात्रियों द्वारा ना ही अपने वाहनों की गति सीमा पर कोई नियंत्रण रखा जा रहा है और ना ही व्यवहार देवभूमि के लोगों के साथ अनूकूल है, जिस कारण आये दिन रोज सड़क दुर्घटनाओं के साथ स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की जा रही है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने तेज की तैयारियां

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही चमोली जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दीं हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को चुनाव के सुचारु और सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय पूर्व पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। तिवारी ने संबंधित विभाग को सड़कों को सुचारू रखने के भी हिदायत दी गई है, ताकि चुनाव के दौरान मतदान पार्टियों की आवाजाही में कोई बाधा उत्पन्न न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों और आरओ को निर्देशित करते हुए मतदेय स्थलों में आवास, विद्युत, पेयजल के साथ अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के आदेश दिए। नामांकन प्रक्रिया के निर्बाध संपादन के लिए आरओ और एआरओ को नियमावली का अध्ययन करने और प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंकाओं का समाधान करने और प्रत्याशियों को नामांकन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव में तैनात अधिकारियों और कर्मियों को बैठकों में आवश्यक रूप से उपस्थित होने के सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने तैयारियों की जानकारी देते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मतपेटियों के साथ ही अन्य चुनाव सामग्री की जांच कर ली जाए। सड़क मार्ग से अधिक दूरी वाले मतदेय स्थलों तक समाग्री पहुंचाने के लिए मजदूरों की अवश्यकता वाले केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों को शासन के सम्मुख रखेगें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को डीएम से मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सीताराम पोखरियाल ने बताया कि देश के कई प्रदेशों राजस्थान, हिमाचल, छत्तीसगढ़ आदि ने पहले ही अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की सुविधा बहाल की है। उत्तराखंड सरकार से भी यही अपेक्षा है। डीएम ने इस विषय को उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कहा कि कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों को शासन के सम्मुख संवेदनशीलता के साथ रखा जाएगा प्रतिनिधिमंडल ने डीएम स्वाति भदौरिया को बताया कि 2005 के बाद नियुक्त राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नई पेंशन योजना (एनपीएस) में रखा गया है, जो पूरी तरह से बाजार आधारित और जोखिमपूर्ण है। इसमें रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ ही दिया जाए। शिष्टाचार भेंट के दौरान आने वाले समय में जागरूकता रैली, ज्ञापन और जन संवाद अभियान की योजना पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल में ब्लाक अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ संग्राम सिंह नेगी, एजूकेशनल मिनिस्ट्रीयल संघ के पूर्व अध्यक्ष मंगल सिंह, मनोज बिष्ट, राजपाल बिष्ट आदि शामिल रहे।

# जयंती पर डॉ. शिवानंद नौटियाल को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तर प्रदेश के पूर्व उच्च शिक्षा एवं पर्वतीय विकास मंत्री डॉ. शिवानंद नौटियाल की जयंती पर कोठला सैंजी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. नौटियाल का जीवन सादगी और संकल्प का प्रतीक रहा। उन्होंने उच्च शिक्षा को पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए कई योजनाएं शुरू की और युवाओं को शिक्षित व जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक संगठनों ने उनके कार्यों और योगदान को याद किया और उनसे प्रेरणा लेने पर जोर दिया गया। डॉ. नौटियाल को पर्वतीय क्षेत्रों की शिक्षा, विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनके निर्भीक नेतृत्व और दूरदृष्टि के लिए जाना जाता है। डॉ. शिवानंद नौटियाल न केवल एक शिक्षाविद् के रूप में बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता के तौर पर भी समाज को दिशा दी। श्रद्धांजलि सभा में सुरेन्द्र नौटियाल, संजय नौटियाल, शैलजा नौटियाल, नन्द राम, घनानन्द, भगवती प्रसाद, देवी प्रसाद, राकेश, मोहित, राजा, प्रियांशु, सुमती देवी, मीना देवी, कमला देवी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्रों और नागरिकों ने भी हिस्सा लिया।

### बाल श्रम के खिलाफ जनसहभागिता के बिना सफलता संभव नहीं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले पर बाल श्रम पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर दुगड्डा ब्लॉक में विशेष अभियान चलाया गया। जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि अभियान जुलाई तक लगातार चलेगा। इस दौरान संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर उन्हें विशेष निगरानी में लिया जा रहा है। बाल श्रम के खिलाफ जनसहभागिता के बिना सफलता संभव नहीं है। अभियान में जिला बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की संयुक्त टीमें शामिल रहीं। टीमों ने दुगड्डा ब्लॉक के सुभाष बाजार, मोती बाजार, धनीराम बाजार और पहाड़गंज के स्थानीय रेस्टोरेंट, सैलून, किराना और कपड़े की दुकानों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान बाल श्रमिकों को लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई गई।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी संस्था DIVYA FOUNDATION AND AYURVEDIC CHIKITSHA TRUST है। संस्था की पंजीकरण संख्या II/21022/99(0010)/2025-FCRA-II है तथा तिथि 05-06-2025 है। उक्त संस्था एक गैर राजनीतिक, गैर लाभकारी संगठन है तथा यह किसी भी प्रकार की धार्मिक प्रचार-प्रसार की गतिविधियों में लिप्त नहीं है। संस्था किसी भी प्रकार की हिंसात्मक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं है तथा ना ही उसका कोई सदस्य भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। संस्था का उद्देश्य समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण आदि है। संस्था को प्राप्त विदेशी अंशदान का उपयोग केवल वैधानिक एवं घोषित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। संस्था की सभी गतिविधियां भारत सरकार के दिशा-निर्देशों एवं विधियों के अनुरूप है। उक्त संस्था के नाम से कोई भी अन्य संस्था पंजीकृत नहीं है।

**भूपेन्द्र सिंह शर्मा पुत्र स्व0 हेमराज निवासी उत्तरी झण्डीचौड़, पट्टी हल्दूखाता, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

# तहसील प्रशासन ने बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर चमोली तहसील प्रशासन की टीम ने शनिवार को चमोली तहसील प्रशासन की टीम ने प्रभावित सैकोट, मैठाणा, नन्दानगर-नन्दप्रयाग सड़क और गोपेश्वर के लीसा फैक्ट्री बैंड का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

चमोली जिले में शुक्रवार देर रात हुई भारी बारिश से सैकोट, मैठाणा, गोपेश्वर का लीसा फैक्ट्री क्षेत्र और नंदानगर क्षेत्र प्रभावित हो गया था। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी चमोली ने प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि बारिश हुए नुकसान से क्षेत्र में 8 आवासीय भवनों को आंशिक नुकसान हुआ है। जबकि दो मवेशी मलबे में दब गए हैं।



बताया कि बारिश के चलते सैकोट में घरों में मलबा घुसने से हुए नुकसान को देखते हुए चार प्रभावित परिवारों को पांच-पांच हजार अहेतुक राशि प्रदान की गई है। जबकि आंशिक क्षतिग्रस्त आवासीय भवनों के स्वामियों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है। कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्य के लिए भी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि जनपद में बारिश से हुए नुकसान का आंकलन कर प्रभावित क्षेत्रों में राहत देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की बात कही गई। जिले में बारिश बाधित बदरीनाथ हाईवे को भनेरपानी, क्षेत्रपाल और नंदप्रयाग में सुचारु कर लिया गया है। ग्रामीण सड़कों को सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आरः

गाड़ी सं. 14320 (F-I, F-II, R-I), 14236 (F-I, F-II), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 (F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887 (F-I,F-II, R-I) 14304 (F-I, F-II, R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I), 14314 (F-I,F-II,R-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 11.07.25 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आरः

गाड़ी सं. 14816 (F-I, F-II, R-I) , 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 14318 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I),14311 (F-I),14609 (F-I),19032 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 14.07.2025 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

1949/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### नकली दवा बनाने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने प्रतिष्ठित दवा कंपनियों के नाम से नकली दवाई बनाने वाले गिरोह के सरगना को शुक्रवार को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी देहरादून में नकली बॉक्स, लेबल और क्यूआर कोड बनवाता था। मामले में एक आरोपी पूर्व में सेलाकुई से गिरफ्तार किया गया था। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने शनिवार को हुई प्रेसवार्ता में इसका खुलासा किया। उन्होंने कहा कि देश में नकली दवाइयों को बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि एक गिरोह उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल, चंडीगढ़ आदि राज्यों में नकली दवाईयां तैयार कराकर बाजार में प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम पर बेच रहा है। इस क्रम में एसटीएफ ने एक आरोपी को संतोष कुमार को पूर्व में सेलाकुई से गिरफ्तार किया था। उसके पास प्रतिष्ठित कंपनियों की दवाओं के नकली आउटर बॉक्स, लेबल और क्यूआर कोड मिले थे। आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि उसने यह सामग्री अक्षय नाम के व्यक्ति के कहने पर तैयार की, जिन्हें वो भिवाड़ी राजस्थान भेजने वाला था। संतोष की गिरफ्तारी के बाद अक्षय लगातार फरार चल रहा था। काफी जांच करने के बाद पता चला कि अक्षय नाम का कोई व्यक्ति नहीं है, बल्कि मुख्य आरोपी नवीन बसंल पुत्र महावीर प्रसाद बसंल निवासी आशियाना ग्रीन भिवाड़ी राजस्थान है। जिसके नाम पर कई दवाइयों की फर्म रजिस्टर्ड हैं। एसटीएफ ने शुक्रवार को काफी तलाश करने के बाद आरोपी को आशियाना गार्डन भिवाड़ी राजस्थान से गिरफ्तार किया।

### यूटीयू मामले में कार्रवाई न होने पर सचिव के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। यूटीयू सॉफ्टवेयर घोटाले की जांच में शासन के ढुल मुल रवैये से नाराज छात्रों ने शनिवार को सचिवालय गेट के बाहर तकनीकी शिक्षा सचिव के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार और शासन पर कार्रवाई जानबूझकर ना करने का आरोप लगाया। डीएवी कालेज के छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्विद्यालय में फ़र्ज़ी डिग्री जाँच प्रकरण, भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनिमिताओ के आरोपों के खिलाफ शासन ने जांच तो बैठाई थी। लेकिन दो माह बाद भी ना तो जांच रिपोर्ट आयी ना ही इन मामलों में कोई कार्रवाई हो पायी। जबकि शासन ने प्रारंभिक जांच में अनियमितताओं की जांच स्वीकार की थी। इसके बावजूद विवि के कुलपति और अन्य पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग व शासन पर घपलेबाजों को शहर देने का आरोप लगाया। विवि में तकनीकी शिक्षा सचिव की जांच के दौरान विश्वविद्यालय में सॉफ्टवेयर विकास के नाम पर करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ था। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने लखनऊ स्थित एक कंपनी के साथ अनुबंध करके एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग और यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर का निर्माण कराया।

विश्वविद्यालय में सॉफ्टवेयर विकास के नाम पर करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच के लिए बीते 5 मई को पांच सदस्यीय कमेटी गठित किए जाने का निर्णय लिया गया। जांच समिति गठन करने के बाद समिति को 15 दिनों का समय भी दिया गया था। छात्रों ने इस मामले में छह करोड के घपले की बात कहते हुए रिकवरी और संलिप्त अधिकारिओं के खिलाफ ईडी की जांच की मांग की। इस दौरान सौरभ सेमवाल,स्वयं मंथन, आकाश, आर्यन, नितिन सहित कई छात्र मौजूद रहे।

### गोर्खाली सुधार सभा बांटी छात्रवृत्ति मेधावी छात्र

देहरादून। गोर्खाली सुधार सभा की कारबारी शाखा का वार्षिक अधिवेशन शनिवार को वाराह भगवान मंदिर परिसर कारबारी में हुआ। आयोजन में वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों, खेल प्रतिभा को सम्मानित किया और मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की। गोर्खाली सुधार सभा के केन्द्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, कारबारी शाखा अध्यक्ष बीएस मल्ल की अध्यक्षता में हुए आयोजन में वरिष्ठ जन सरोज बाला ठाकुर, पुष्पा सेन ठाकुर, समाज सेवी माला गुरुंग, नारायण ठाकुर, खेल प्रतिभा दृष्टि गुरुंग(ताइक्वांडो) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही मेधावी छात्र–छात्राओं में तनिष्क थापा, सानिया थापा, मान्यता थापा, आयुष गुरुंग, प्रज्जवल थापा, ऋश थापा को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। शकुंतला थापा को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मौके पर सांस्कृतिक सचिव वाईबी थापा, मीडिया प्रभारी प्रभा शाह, शाखा उपाध्यक्ष अमर बहादुर शाही, सचिव दीपक गुरूंग, सुरेश थापा, दीपक मल्ल आदि मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों तैयारियों की समीक्षा



चमोली : जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के सुचारु और सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क संबंधी विभागों के अधिकारियों को चुनाव के दौरान और मतदान पार्टियों की आवाजाही के लिए सड़कों को सुचारु रखने के के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों और आरओ को निर्देशित करते हुए मतदेय स्थलों में आवास, विद्युत, पेयजल के साथ अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के आदेश दिए। नामांकन प्रक्रिया के निर्बाध संपादन के लिए आरओ और एआरओ को नियमावली का अध्ययन करने और प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंकाओं का समाधान करने और प्रत्याशियों को नामांकन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी से सभी चुनाव में तैनात अधिकारियों और कर्मियों को बैठकों में आवश्यक रूप से उपस्थित होने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को मतपेटियों के साथ ही अन्य चुनाव सामग्री की जांच कर आवश्यकता वाली सामग्री की समय से मांग प्रस्तुत करने और सड़क मार्ग से अधिक दूरी वाले मतदेय स्थलों तक समाग्री पहुंचाने के लिए मजदूरों की अवश्यकता वाले केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही एनआईसी के अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों से संबंधित सभी आदेशों को समय से ऑनलाइन अपलोड करने की बात कही। उन्होंने मतदान और मतगणना के लिए कैमरे व नेटवर्क की व्यवस्थाओं की जांच कर समय से तैयारियां पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

### बारिश से प्रभावित मार्गों को खोलने में जुटा प्रशासन, हर मोर्चे पर राहत टीमें तैनात

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जनपद रूद्रप्रयाग में पिछले तीन दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश के चलते पहाड़ियां दरक रही हैं, जिससे जगह–जगह सड़कों पर मलबा आने की घटनाएं हो रही हैं। इसके चलते केदारनाथ यात्रा मार्ग भी प्रभावित हुआ है।

रात्रि में हुई तेज बारिश के कारण सोनप्रयाग क्षेत्र में हनुमान मंदिर, शटल पुल और मुनकटिया के पास बार–बार मलबा और पत्थर गिरने से कई बार मार्ग बाधित हो रहा है। प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए लगातार मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है। बावजूद इसके, बारिश के कारण पहाड़ी से गिर रहे मलवे से मार्ग अवरुद्ध हो रहा है जिसे खोलने के प्रयास किये जा रहे है। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें तैनात भी की गई है, जो मौके पर निगरानी और राहत कार्यों में सक्रिय हैं। वहीं, ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिरोबगड़ के पास भी पहाड़ी से बोल्डर गिरने के कारण दो स्थानों पर यातायात बाधित हुआ है। लोक निर्माण विभाग की टीमें मौके पर तैनात हैं और मार्ग को शीघ्र खोलने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं जल्द ही मार्ग को यातायात के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा।

## लोगों के नाम पर सिम लेकर नेपाल में बेचने वाला गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने उत्तराखंड के लोगों के नाम पर फर्जी सिम लेकर उनका साइबर अपराध में उपयोग करने के आरोप में बेरीनाग से शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कुछ सिम कार्ड नोपाल में भी बेचे। उसके कब्जे से 748 सिम बरामद हुए हैं। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक उत्तर प्रदेश पश्चिम सुनील भादू, सहायक निदेशक दूरसंचार उत्तर पश्चिम प्रवीण जैन और निदेशक दूरसंचार विभाग उत्तराखंड लव गुप्ता द्वारा पिथौरागढ़ के बेरीनाग में थोड़े समय में बड़ी संख्या में अलग–अलग लोगों के नामों से सिम एक्टिवेट करने की सूचना दी गई थी। संभावना थी कि सिम कार्डों का उपयोग राष्ट्रविरोधी या साइबर धोखाधड़ी के लिए प्रयोग किया जा रहा है। एसटीएफ और साइबर क्राइम पुलिस ने संबंधित टेलीकॉम कंपनियों से डाटा जुटाया। जांच में पता चला कि आरोपी स्थानीय लोगों को लालच और विभिन्न प्रकार से प्रलोभन देकर आधार कार्ड, अन्य दस्तावेज लेकर उनके नाम पर सिम एक्टिवेट कर रहा है और बाद में उन्हें अज्ञात व्यक्तियों को बेचा जा रहा है। इसके बाद इन सिम कार्डों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी व अन्य अपराधों में किया जा रहा है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर, पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक आरबी चमोला के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। पता चला कि आरोपी बेरीनाग नयाबाजार में आरके इलेक्ट्रोनिक्स एंड मोबाइल सेंटर नाम से दुकान चलाता है। आरोपी के खिलाफ 2024 में भी फर्जी सिमो के क्रय विक्रय के संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ था। टीम ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आरोपी रघुवीर सिंह कार्की पुत्र हरेंद्र सिंह कार्की निवासी कालेटी गुर्बुरानी उपाधया बेरीनाग को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ सबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी द्वारा जारी किए गए कुछ सिम नेपाल के लोगों को बेचे जाने की जानकारी सामने आई और इसकी जांच की जा रही है।

## कमल नदी पर बहे पुल के मलबे को हटाने की उठाई मांग

उत्तरकाशी : कमल नदी पर चक चंदेली और खलाड़ी छानी गांवों के बीच दशकों पूर्व बाढ़ में बह गए पुल के मलबे को हटाने और नए पुल के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उप-जिलाधिकारी मुकेश रमोला से मुलाकात कर समस्या समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि कमल नदी में चन्देली के समीप चन्देली व खलाड़ी छानी, पुजेली, चपटाडी व आराकोट गांव को पैदल पुल बना था जो 2011 में आयी आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। पुल का लोहा अभी भी नदी के बीच में पड़ा हुआ है, जिससे पैदल आवागमन में समस्या हो रही है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल बलदेव रावत, राजपाल, नवीन गैरोला, अंकित पंवार ने आदि बताया कि यह पुल दोनों गांवों के लिए जीवन रेखा था। 2011 में पुल के बह जाने के बाद उन्होंने विभाग को कई बार लिखित और मौखिक रूप से सूचित किया है, लेकिन डेढ़ दशक बीत जाने के बाद भी पुल का मलबा जस के तस बना है, जिस कारण से बरसात में आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि का लगातार कटाव हो रहा है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुते कहा कि अब डर है कि यदि नदी का जल स्तर बढ़ता है, तो उनकी खेती का कटाव हो जाएगा।

### डीएम ने गंगोत्री धाम का किया निरीक्षण

उत्तरकाशी : जिले के नव नियुक्त जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्य ने गंगोत्री धाम में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं एवं बाढ़ सुरक्षा हेतु दीर्घकालिक निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। कहा कि गंगोत्री धाम में देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। ऐसे में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्नान घाटों, यात्रा मार्ग, आवागमन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। शनिवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य गंगोत्री धाम पहुंचे। जहां उन्होंने गंगोत्री मंदिर में पूजा अर्चना की और मां गंगा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते डीएम प्रशांत आर्य ने गंगोत्री धाम में चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, मानक के अनुरूप और तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

## गोपेश्वर, कर्णप्रयाग और गौचर में पीसीएस परीक्षा आज



चमोली : उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की ओर से 29 जून को आयोजित होने वाली राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की।

बैठक में परीक्षा को व्यवस्थित, नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बारिश की स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिकारी को बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत अभ्यर्थियों से सम्पर्क कर परीक्षा से पूर्व दिवस परीक्षा केंद्र के समीप पहुंचने के लिए अपील करने के निर्देश दिए। परगना मजिस्ट्रेट राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद में परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए गोपेश्वर में तीन और कर्णप्रयाग व गौचर में एक-एक केंद्र बनाए गए हैं। कहा कि परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। जिसमें प्रथम पाली प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तथा द्वितीय पाली अपराहन 02.00 बजे से 04.00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लगायी गयी है। परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर एकत्र नहीं होंगे। परीक्षा केन्द्र में किसी व्यक्ति को सेलुलर फोन, पेजर, एनालॉग और डिजिटल वॉच ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा। कोई व्यक्ति परीक्षा केन्द्र के आसपास अस्त्र नहीं ले जाएगा। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेगी। परीक्षा केन्द्र में साहित्य, प्रेसनोट, पम्पलेट व पोस्टर बैनर नहीं लगाए जाएंगे। यह आदेश 28 जून की सायं 6 बजे से 29 जून की सायं 05 बजे तक तक प्रभावी रहेगा। (एजेंसी)

## बारिश से घंटों बाधित रहा गंगोत्री-यमुनोत्री राजमार्ग



उत्तरकाशी : गंगोत्री-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग शुक्रवार रात हुई भारी बारिश के कारण जगह-जगह मलबा और पत्थर आने से घंटों यातायात के लिए बाधित रहे। इसके चलते जगह-जगह यात्री मार्गों पर घंटों फंस रहे। करीब 12 घंटे बाद गंगोत्री हाईवे सभी स्थानों पर पूरी तरह यातायात के लिए सुचारू हो सका। यमुनोत्री राजमार्ग पालीगाड़ के समीप करीब नौ घंटे तक ठप रहा। इसके चलते दोनों धाम की यात्रा आंशिक रूप से प्रभावित रही। शुक्रवार रात को जिले में जगह-जगह भारी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण गंगोत्री हाईवे रात 12 बजे के आसपास ही नेताला, मनेरी, लालढांग, हेलगूगाड, बिशनपुर आदि स्थानों पर मलबा व पत्थर गिरने से आवाजाही के लिए बाधित हो गए थे। शनिवार सुबह करीब पांच बजे बीआरओ की मशीनरी ने इन स्थानों पर मार्ग खोलने का काम शुरू किया। नेताला में करीब नौ घंटे मार्ग बंद रहने के बाद सुबह पौने नौ बजे तक यातायात के लिए खुल पाया। लालढांग और हेलगूगाड़ में दोपहर करीब पौने 12 बजे तक मार्ग आवाजाही के लिए खुल गया था। जबकि बिशनपुर में पौने एक बजे मार्ग आवागमन के लिए खुला। वहीं यमुनोत्री हाईवे पर पालीगाड के समीप हाईवे सुबह नौ बजे तक आवाजाही के लिए सुचारू कर दिया गया था। इसके चलते जगह-जगह घंटों तक यात्री जाम में फंसे रहे। पुलिस ने सुबह ही वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया था। इसके अलावा कांवड़ सीजन शुरू होने से पहले गोमुख से गंगाजल भरकर लौट रहे कांवड़िए भी नेताला, मनेरी आदि स्थानों पर घंटों फंसे रहे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसांई ने बताया कि दोपहर पौने एक बजे तक सभी स्थानों पर मार्ग आवाजाही के लिए सुचारू हो गया था। (एजेंसी)

### गोरखपुर में ओवरहेड टैंक निर्माण में अनियमितता का आरोप

देहरादून। पहाड़ी महासभा की महासचिव गीता बिष्ट ने पेयजल निगम के गोरखपुर स्थित बिलिंग सेन्टर के समीप स्थित ओवर हेड टैंकर के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि 3 साल में ही यह टैंक लिकेज करने लगा है। उन्होंने कहा कि इस ओवरहेड टैंकर का निर्माण वर्ष 2021–22 में किया गया था पर उपभोक्ताओं के लिए इससे पेयजल आपूर्ति वर्ष 2023 में शुरू की गई थी। मगर अब इस नवनिर्मित ओवर हेड टैंकर कुछ समय से लगातार लिकेज हो रही है। इसको लेकर शिकायत दर्ज की गई थी, जिस पर पेयजल निगम द्वारा मरम्मत कार्य कराकर लिकेज वाली जगह को ठीक कर दिया गया था। मगर वर्तमान में एक बार फिर ओवरहेड टैंक के चारों ओर रिंग बैठने की वजह से धीरे धीरे पानी का रिसाव हो रहा है।

## मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत अपनी माताजी के साथ किया पौधारोपण




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी माताजी श्रीमती बिशना देवी के साथ पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री के सुपुत्र दिवाकर ने भी इस अवसर पर पौधा लगाया। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन–आंदोलन बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि "माँ जीवन की पहली गुरु होती हैं और पर्यावरण हमें जीवन देता है। माँ और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की कि वे अपनी माताओं के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण स्वयं करें इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा और अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

## प्रकृति केवल पर्यावरण नहीं, वह हमारा परिवार है: सतीश गौतम



ऋषिकेश। अलीगढ़ सांसद सतीश कुमार गौतम ने कहा कि हमें याद रखना होगा कि प्रकृति केवल पर्यावरण नहीं, वह हमारा परिवार है। वृक्ष हमारे वंश हैं, नदियां हमारी नसों में बहती जीवनधारा हैं। अगर हम प्रकृति को न बचा सके, तो हम अपने अस्तित्व को भी नहीं बचा पाएंगे। यह बातें उन्होंने शनिवार को परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात करने के दौरान कही। उन्होंने स्वामी चिदानंद से आशीर्वाद लिया और परमार्थ में आयोजित अध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों जैसे हवन पूजन, गंगा आरती आदि में भाग लिया। उन्होंने कहा कि परमार्थ निकेतन पर्यावरण संरक्षण और अध्यात्म, योग आदि के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, सजीव चेतना के रूप में देखा गया है। हमने नदियों को माता, वृक्षों को पूज्य और पशु–पक्षियों को सहचर माना है। हमारे वेदों, उपनिषदों और पुराणों में प्रकृति की महिमा गाई गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि प्रकृति हमारे लिए पूज्य है, उपभोग की वस्तु नहीं।

### महिला टी–10 आयकर कप प्रतियोगिता में शामिल हुई छह टीमें

देहरादून। महिला टी–10 आयकर कप प्रतियोगिता का फाइनल संदीप सर दून डिफेंस एकेडमी ने जीता। इस प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल संदीप सर दून डिफेंस एकेडमी देहरादू और पिटकुल के बीच खेला गया। एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 2 विकेट खोकर कप्तान रितिषा चंद के नाबाद 74 रनों की बदौलत 134 रन बनाए। जवाब में पिट्कुल की टीम निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर मात्र 76 रन ही बना सकी ' कप्तान रितिषा चंद को प्लेयर ऑफ़ दि मैच और पिट्कुल की शैली राठी को फाइटर ऑफ़ दी मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा रितिषा चन्द को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक के साथ–साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरसकार से भी नवाजा गया। पिट्कुल की विनीता रावत सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रहीं। निष्पक्ष खेल पुरस्कार आयकर विभाग की महिला टीम को दिया गया।

## 160 लोगों ने उठाया चिकित्सा शिविर का लाभ

ऋषिकेश। एसडीआरएफ उत्तराखंड की ओर से पुलिस फिट इंडिया मिशन के तहत शनिवार को जौलीग्रांट स्थित एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 160 से अधिक लोगों ने पहुंचकर जांच करवाई और शिविर का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं रोगों की शीघ्र पहचान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही इस शिविर का आयोजन किया गया है। यह चिकित्सा शिविर न केवल एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस की जनसेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाता है, बल्कि आपदा प्रबंधन के साथ–साथ समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण में उसकी सक्रिय और प्रेरणादायक सहभागिता का भी परिचायक है। शिविर में हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट से आए फिजिशियन डॉ. सिद्धार्थ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तान्या, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी एवं डॉ. तान्या ने सेवाएं दी। इसके अतिरिक्त, रक्त जांच हेतु बौंठियाल पैथोलॉजी लैब से आई टीम द्वारा आवश्यक परीक्षण किए गए। इस दौरान एसडीआरएफ के 160 से अधिक कार्मिकों, उनके परिजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य परामर्श, जांचों एवं निःशुल्क औषधियों का लाभ प्राप्त किया।

# निर्बाध जारी रहे शुद्ध पेयजल सप्लाई, लापरवाही मिली, तो नपेंगे जिम्मेदार




देहरादून। मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सर्तकता और सक्रियता से युद्वस्तर पर समस्या का निदान करने में जुटा है। विगत 14 अप्रैल से लेकर 17 जून तक कंट्रोल रूम को पेयजल की 192 शिकायतें मिली है, जिसमें से 182 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के सीजन में भी हर घर तक शुद्व पानी की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रहे। जनमन की समस्या प्रशासन की समस्या है। इसमें कोई लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी जल स्त्रोत और टैंकों का नियमित क्लोरीनेशन के साथ पानी की गुणवत्ता को मेंटेन किया जाए। पानी की शिकायत मिलते ही उसी दिवस को उसका समाधान कर लिया जाए। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल की प्रतिदिन निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना ही है। बजट की कोई कमी नही है। कहीं पर फंड की विशेष आवश्यकता है तो इसकी डिमांड उपलब्ध करें।

जिलाधिकारी ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24ग7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है।

देहरादून के राजपुर, सपेरा बस्ती, शहंशाही, जाखन, कैनाल रोड, बारीघाट, दून विहार, मालसी, गुनियाल गांव के आसपास के क्षेत्र पेयजल की समस्या पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि 23 जून को बरसात के कारण शिखर फाल में इंटेक चैबर के समीप भारी मलबा आने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी। इंटक चैंबर से मलबा सफाई कर 24 जून को पेयजल सप्लाई सुचारू कर दी गई है।

राजीव नगर में पेयजल की समस्या पर बताया कि राजीव नगर डांडा–1 नलकूप से राजीव नगर की एसी पाइप लाइन जर्जर स्थिति में है, जिससे पर्याप्त दबाव से जलापूर्ति संभव नही है। एसी पाइप लाइन को एमएसईआरडब्लू पाइप लाइन से बदलने के लिए आगणन तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। डीएल रोड में पेयजल की समस्या पर बताया कि 26 जून को नलकूप की मोटर खराब होने के कारण आर्यनगर, डीएल रोड, सेवक आश्रम रोड क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित हुई थी। मोटर को ठीक कर पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। आरकेडिया श्यामपुर में पेयजल लाइन लीकेज की समस्या पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि पाइप लाइन की मरम्मत कर लाइन को सुचारू कर दिया गया है।अमित विहार निवासी संजय सिंह की पानी न आने की शिकायत पर उपभोक्ता के घर का मौका मुआयना किया गया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com